| | राजस्थान राजपत्र<br>विशेषांक | RAJASTHAN GAZETTE<br>Extraordinary |
|---|---|---|
| सत्यमेव जयते | साधिकार प्रकाशित | Published by Authority |

आषाढ़ 05, सोमवार, शाके 1945-जून 26, 2023

*Asadha 05, Monday, Saka 1945- June 26, 2023*

**भाग-1(ख)**

## महत्वपूर्ण सरकारी आज्ञायें।

## सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग

### अधिसूचना

**जयपुर, जून 26, 2023**

**संख्या एफ.2(1)गृह/संपर्क/सचि./प्रको./2023** :-सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग द्वारा प्रिंट मीडिया और इलेक्ट्रोनिक मीडिया पर नियमित रुप से विज्ञापन जारी किए जाते हैं। भविष्य में सोशल मीडिया हैंडल्स संचालकों/सोशल मीडिया इन्फ्लूएंसर्स को भी विज्ञापन जारी किये जायेंगे। सोशल मीडिया पर सोशल मीडिया हैंडल्स संचालकों/सोशल मीडिया इन्फ्लूएंसर्स को विज्ञापन जारी करने हेतु पॉलिसी गाईडलाइन के प्रमुख प्रावधान निम्न प्रकार से हैं :-

1. सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म यथा फेसबुक, ट्विटर, इंस्टाग्राम और यूट्यूब इत्यादि के अकाउंट होल्डर/संचालक/सोशल मीडिया इन्फ्लूएंसर्स का विभाजन चार श्रेणियों ए, बी, सी और डी में किया जाएगा।

   (क) श्रेणी ए - न्यूनतम 10 लाख सब्सक्राइबर/फॉलोअर्स।

   (ख) श्रेणी बी- न्यूनतम 5 लाख सब्सक्राइबर/फॉलोअर्स।

   (ग) श्रेणी सी- न्यूनतम 1 लाख सब्सक्राइबर/फॉलोअर्स।

   (घ) श्रेणी डी- न्यूनतम 10 हजार सब्सक्राइबर/फॉलोअर्स।

2. ए श्रेणी में इम्पैनलमेंट हेतु आवेदन करने हेतु पिछले छः माह तक सोशल मीडिया हैंडल/पेज/चैनल में प्रतिमाह न्यूनतम 100 वीडियो या 150 पोस्ट किया जाना अनिवार्य है।

   बी श्रेणी में इम्पैनलमेंट हेतु आवेदन करने हेतु पिछले छः माह तक सोशल मीडिया हैंडल/पेज/चैनल में न्यूनतम 60 वीडियो या 100 पोस्ट किया जाना अनिवार्य है।

   सी श्रेणी में इम्पैनलमेंट हेतु आवेदन करने हेतु पिछले छः माह तक सोशल मीडिया हैंडल/पेज/चैनल में प्रतिमाह न्यूनतम 30 वीडियो या 50 पोस्ट किया जाना अनिवार्य है।

   डी श्रेणी में इम्पैनलमेंट हेतु आवेदन करने हेतु पिछले छः माह तक सोशल मीडिया हैंडल/पेज/चैनल में प्रतिमाह न्यूनतम 15 वीडियो या 30 पोस्ट किया जाना अनिवार्य है।

3. श्रेणी ए में आने वाले सोशल मीडिया हैंडल/पेज/चैनल को अधिकतम 5 लाख रुपए प्रतिमाह के विज्ञापन जारी किए जा सकेंगे।

   श्रेणी बी में आने वाले सोशल मीडिया हैंडल/पेज/चैनल को अधिकतम 2 लाख रुपए प्रतिमाह के विज्ञापन जारी किए जा सकेंगे।

   श्रेणी सी में आने वाले सोशल मीडिया हैंडल/पेज/चैनल को अधिकतम 50 हजार रुपए प्रतिमाह के विज्ञापन जारी किए जा सकेंगे।